>

***14.06 hrs.***

Title: Discussion on the Pre-Natal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Amendment Bill, 2002. (Bill passed)

MR. CHAIRMAN: The House will now take up item No.34 − consideration and passing of the Pre-natal Diagnostic Techniques Amendment Bill.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI A. RAJA): Sir, I beg to move* :

> "That the Bill further to amend the Pre-natal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Act, 1994, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

Through this Bill, I propose to bring in a legislation to make necessary amendments to the Pre-natal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Act, 1994, to bring the techniques of pre-conception sex selection, use of ultrasound machines, etc., within the purview of the Act. The proposed amendment also addresses the difficulties encountered in implementing the Act.

Sex determination techniques are used in India since 1975 primarily for the determination of genetic abnormalities. However, these techniques were widely misused to determine the sex of the foetus and subsequent abortions if the foetuses were female. In 1986, the Forum Against Sex Determination and Sex Pre-selection, a social action group based in Mumbai made a systematic attempt to initiate a campaign on this issue, pressuring the Maharashtra Government to enact the first ever law in India. The Maharashtra Pre-natal Diagnostic Techniques Act was enacted in 1988. A Central legislation, based on this very Act, namely, the Pre-natal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Act, 1994, was brought into operation from the 1st January, 1996. Rules have also been made under the Act.

* Moved with the recommendation of the President.

Under the existing Act, pre-natal diagnostic tests or procedures are followed only for the purposes of detecting genetic or metabolic disorders or chromosomal abnormalities or congenital anomalies or sex-linked diseases, subject to specified conditions. It is illegal to utilise the pre-natal diagnostic techniques for determination and disclosure of the sex of the foetus. However, the ultrasound machines were being clandestinely used for determination of the sex of the foetus of pregnant women, leading to female foeticide. This resulted in an adverse sex ratio of 927 female children to 1,000 male children in the 0-6 age group, as revealed by the results of Census, 2001.

The pre-natal diagnostic techniques like amniocentesis and sonography are useful for the detection of genetic and chromosomal disorders or genetic malformations or sex-linked disorders, etc. However, this technology is misused on a large scale for sex determination of the foetus and mostly if the foetus is found to be female, it prompts termination of the pregnancy, bringing an abrupt end to the gestation growth of the unborn child.

Simultaneously, techniques are also being developed and refined to select the sex of the child prior to conception. The use of technology for this purpose is wholly discriminatory to the female sex and impacts the status and dignity of women. Large scale dissemination of these technologies may in future precipitate a severe imbalance in the male-female ratio.

Accordingly, it has become necessary to enact and implement a legislation that would ban the use of both sex-selection techniques prior to conception as well as misuse of pre-natal diagnostic techniques for sex-selective abortions. The use of these techniques needs to be regulated for the appropriate scientific use for which they are intended. It is proposed to ban more explicitly the use of ultrasound machines for detection of the sex of the foetus of pregnant women and to contain the menace of the female foeticide, so that the sex ratio could be improved in view of the adverse male-female ratio in the country, particularly among the children in the 0-6 age group.

The hon. Supreme Court has directed the strict implementation of the Pre-Natal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Act, 1994. The hon. Supreme Court has further directed amending the PNDT Act, keeping in view the emerging technologies and difficulties encountered in the implementation of the Act.

In terms of the directions of the hon. Supreme Court and the experience gained in the implementation of the PNDT Act, the Central Supervisory Board constituted under the Act has suggested certain amendments to the Act. It is, therefore, proposed to amend Sections 1 to 7, 14 to 18, 22 to 24, 28 and 30 to 31 of this Act. The important amendments include bringing :

- Pre-conception selection of sex within the purview of the Act;

- Use of ultrasound machines more explicitly so as to curb their misuse;
- Sale of ultrasound machines or imaging machines to the bodies which are registered under the Act;
- Introduction of State-level supervisory Board on the lines of Central Supervisory Board for monitoring the implementation of the Act;
- Constitution of a multi-member State-level Appropriate Authority for better implementation;
- Making punishment more stringent so that they serve as a deterrent and minimise violation;
- Conferring more powers to Appropriate Authorities giving powers to them for search and seizure making mandatory the maintenance of records in respect of ultrasound machines and other equipment capable of detection of sex of foetus within the purview of the Act.

Keeping in view these amendments, new definitions and explanations have also been added in different sections of the Act.

It is also proposed to change the title of the Act to "The Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostic Techniques (Prohibition of Sex Selection) Act" so that the general public, para-medical and medical personnel comprehend the purpose and message of the Act from reading the title of the Act itself. The experience has shown that persons violating the provisions of the Act escape unpunished because of the collusion between the doctor and the person wanting the conducting of the test.

For these reasons, the proposal is mooted to amend Sections 1 to 7, 14 to 18, 22 to 24, 28 and 30 to 31 of the Act and introducing new sub-sections in the existing Sections, adding new definitions and explanations.

Therefore, Sir, I move that the Pre-Natal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Amendment Bill, 2002, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration.

MR. CHAIRMAN : Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Pre-natal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Act, 1994, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

We have two small Bills to be passed today. So, I request the speakers particularly to be brief so that both the Bills can be passed quickly and maximum time can be given for the discussion under Rule 193 which is a very important subject which will be discussed today. Shri Priya Ranjan Dasmunsi to speak now.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Sir, I will be very brief because my colleague Shri Jagmeet Singh Brar will speak for five minutes.

**श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) :** सर, मैटर्स अंडर रूल 377 का क्या हुआ ?

**सभापति महोदय :** वे सभापटल पर रख दिये गये हैं।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, we are fully supporting this Bill brought by the hon. Minister and our Party is in full agreement with the objects and reasons for which the Bill is brought. It is a matter of great shame to us that in the civilised India, mostly among the educated people, we are misusing the provisions of the Act. It is we who feel that the birth of a girl-child is a crime or is a shame to a family. It is unfortunate in the civilised India.

I came to know only recently that the growth of population of the girl-child in the entire North-Eastern States, Haryana and Punjab is going down beyond proportion. I am not saying that it is because of this thing. But if it is not implemented rigorously, as the hon. Minister has stated, I am afraid the concept of motherhood will be destroyed. We always call our country as the motherland. We believe first in mother. Now the concept of the very motherhood is being destroyed by ourselves. I am sorry to say that it is not being done mostly by the people who are not sufficiently knowledgeable and literate but it is being done by the literate people in most of the families.

Therefore, we fully support this Bill. We desire and urge upon the Government to implement and execute it not only within the text of the Bill but by a positive motivation campaign by media, television, documentaries, etc. so that there is an awareness in the country not to do this kind of crime and not to kill the motherhood and thereby provide an assault on the entire womanhood of the nation.

We, therefore, feel that this Bill is just and proper and we support the Bill.

DR. A.D.K. JAYASEELAN (TIRUCHENDUR): On behalf of DMK Party, I support this Bill. Actually, our dynamic leader Dr. Kalaignar Karunanidhi is supporting this Bill. There is a growing menace of female foeticide and misuse of ultrasound machines. Such practices are unjust, unethical and illegal. It is being considered by some as mother of all crimes. The foetal sex determination by misuse of ultrasound machine has become very common in our

country due to various reasons. Actually, if the high rate of abortion of foetus carrying a female child continues, the consequence will be that there will be a greater demographic imbalance in our country. So, I welcome this measure.

As our friend said, we worship the women folk as mothers and goddesses, but because of the social evils that our system and other systems have, we want to have only boys and not girls. It has resulted in decline of sex ratio in 0-6 age group. According to 1991 Census, there were 944 girls per 1,000 boys. Now it has declined to 927 girls per 1,000 boys. If it continues like this, it will create a great chaos and confusion in the society. For marriage, a person has to seek a bride and if there are only 900 girls per 1,000 boys, what will they do? They will have to fight for the bride. It will create a real confusion and problem in the society itself. I think, some people will have to remain as *sanyasis* or unmarried. It will be an unfortunate situation that may emerge.

In the 1994 Act, only Central Advisory Committee was constituted. Now, in this Bill of 2002, Central and State Committees are proposed to be constituted. We welcome this measure. I would suggest that this must be done at the district and block level also and such committees must be constituted at the district and block levels so as to have a wider perspective and wider scope. It must reach the grass-root level. Only then, it will be very effective. We have all the plans at the higher level. They do not reach the people. Actually, there must be a holistic approach.

At various levels - medical, legal and most importantly social one − the status of women must be improved. There must be political will for empowerment of women. The founders of Dravidian Movement and a social reformer, Shri Thanthai E.V.R. Periyar fought for the empowerment of women. It was followed by his follower and the founder of DMK Party, Shri Arignar C.N. Annadurai. Our dynamic leader and former Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Kalaignar Karunanidhi made a historic legislation by providing equal rights to property to women in 1989. To further the process of empowerment of women, our DMK Government implemented 33 per cent reservation for women in local bodies. This can be followed by other State Governments also to empower the women. The solution of the problem is to empower the women. I really congratulate the Minister and I fully support this Bill.

**श्रीमती सुशीला सरोज (मिसरिख) :** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से प्रसवपूर्व निदान तकनीक (विनियमन और दुरुपयोग निवारण) संशोधन विधेयक, 2002 का समर्थन करने के लिए खड़ी हूं। ब्रिटिश थिंकर श्री बर्टंड रसल ने कहा था कि सब समाजों में दो किस्म की अनुभूतियां साथ-साथ चलती हैं--एक वह जिसकी हम जुबान से हमेशा वकालत करते हैं मगर उस पर अमल नहीं करते और दूसरी वह जिस पर हम चुपके-चुपके अमल तो करते हैं मगर खुलकर उसकी वकालत नहीं करते। हम डाक्टरों का पेशा आज ऐसी ही नैतिकताओं के द्वन्द्व में फंसा है।

यह एक प्रसूति विशोज्ञ डाक्टर का अपने पेशे के बारे में इकबालिया बयान है और संदर्भ है-- अल्ट्रासाउंड स्कैनिंग तकनीक की मदद से कन्या भ्रूण को गर्भ में ही मार देने का बढ़ता चलन और उसमें डाक्टरों की अपराधिक भूमिका। मेडिकल साइंस और डाक्टरी पेशा औरत के वजूद के लिए बहुत गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है। मैं कहना चाहती हूं कि आप चाहे देश के किसी भी कोने मे रहते हों, अपने परिवार रिश्तेदारों और मित्रों के ध्यान में लाइये कि उनमें से कितनों ने अल्ट्रासाउंड स्कैनिंग तकनीक का इस्तेमाल करके अपनी दूसरी या तीसरी बेटी को गर्भ में ही अलविदा कर दिया।

अल्ट्रासाउंड तकनीक गर्भ की बीमारियों, विकलांग और असामान्य भ्रूणों के इलाज के लिए एक अनोखा वरदान है परन्तु दुर्भाग्य से आज देश के शहरों और कस्बों में ही नहीं बल्कि गांवों तक में इस तकनीक का इस्तेमाल कन्या भ्रूणों की सफाई में हो रहा है। 1971 के पहले गर्भपात का मसला भारतीय दंड संहिता के तहत आता था। मगर 1971 के मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेन्सी एक्ट के तहत गर्भपात संबंधी नियमों में थोड़ी ढील दी गई। प्रसूति से पहले ही शिशु का लिंग मालूम करने की गतिविधियों को देखते हुए सबसे पहले महाराट्र सरकार ने 1988 में प्रीनेटल डायग्नोस्टिक टेक्नीक एक्ट पारित किया जिसमें लिंग जांच को पूरी तरह गैरकानूनी करार दिया गया। 1994 में प्रीनेटल डायग्नोस्टिक अधिनियम अस्तित्व में आया जो महाराट्र के एक्ट से ज्यादा सख्त था। जनवरी 1996 में ही अधिनियम के तहत इस नियम को फ्रेम कर लिया गया था, लेकिन बहुत से राज्यों में इन नियमों को प्रभावी नहीं बनाया गया। इस नियम के निर्देशों का पालन न करने वाले 11 राज्यों को माननीय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री एम.बी.शाह तथा न्यायमूर्ति बी.एन. अग्रवाल की खंडपीठ ने आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उड़ीसा त्रिपुरा तथा केन्द्र शासित तीन प्रदेश-- अंडमान निकोबार द्वीप समूह, दादर नगर हवेली तथा लक्ष्यद्वीप के सचिवों को कड़ी फटकार लगाई कि वे लोग इकबालिया बयान क्यों नहीं दे रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, आज भारत में पुरुाों की अपेक्षा महिलाओं की जनसंख्या दो करोड़ से कम है। आज अगर आंकड़ों को देखा जाये तो भारत में केवल हजार पुरुाों पर 933 औरतें हैं यानी हर हजार पुरुाों पर 67 औरतें कम हैं। 1901 में हर हजार पुरुाों पर 972 औरतें, 1951 में हर हजार पुरुाों पर 972 औरतें, 1981 में सिर्फ 933 औरतें और 1991 में हर हजार पुरुाों पर केवल 900 औरतें रह गयीं। यह महिलाओं के अस्तित्व के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। अगर राज्यों के आंकड़ें देखें तो हर राज्य की एक जैसी दशा नहीं है। केरल राज्य में हजार पुरुाों में 1032, आंध्र प्रदेश में 977, तमिलनाडु में 978, कर्नाटक में 957, उड़ीसा में 988, हरियाणा में 870, पंजाब में 879, उत्तर प्रदेश में 885 और राजस्थान में 911 महिलाएं हैं। भारत में औरतों की संख्या इतनी कम क्यों है ? कुदरत ने मादा को अधिक शक्ति दी है परन्तु हमारे समाज में बेटियों का बैर हमेशा बनाया गया है। लड़कियों की मृत्यु दर आज बढ़ रही है। साफ-साफ बात यह है कि भारत के बहुत से इलाकों में लाखों लड़कियों से जीने का अधिकार छीन लिया गया है। पहले बेटी के पैदा होने पर ही उसे मार दिया जाता ता लेकिन अब पेट में ही मार दिया जाता है। यह लड़कियों के साथ जुर्म है।

मैं सोचती हूं कि लड़कियों के साथ ऐसा सलूक क्यों किया जाता है ? वे अभाव में क्यों पलती हैं? क्यों उन्हें मोहताज रखा जाता है? क्योंउन्हें अपने ही घर के आंगन में इंसाफ नहीं दिया जाता? क्यों परिवारों को पुत्रों की लालसा होती है? क्या बेटियों की हालत सुधरे बिना देश आगे बढ़ सकता है? क्या बेहाल बेटियों के देश का भि वय खुशहाल बन सकता है? क्या बेटियों के सपने मिटाकर यह देश आगे बढ़ने का सपना देख सकता है। क्या इन बेटियों की शिक्षा और सेहत गिने बिना सबकी शिक्षा, सबकी सेहत के नारे सच्चाई से दे सकते हैं ? इन सब सवालों का जवाब हमारे पास नहीं है।

यदि लड़का-लड़की दोनों को समान बनाना है तो दोनों की प्रतिभा को निखारना पड़ेगा। मैं इस संबंध में अपने कुछ सुझाव रखना चाहती हूं। भ्रूण हत्या के जुर्म में चिकित्सक सहित मां-बाप को भी दंडित किया जाए। यदि गर्भपात अनिवार्य हो तो दो डाक्टरों से इसकी सहमति ली जाए। जीरो से छः र्वा तक की आयु की लड़कियों

की संख्या में भारी गिरावट आई है, इसलिए कन्या के जन्म पर विशो प्रोत्साहन दिया जाए। केवल लड़कियों के माता-पिता को ही वृद्धावस्था पैंशन दी जाए। निजी क्षेत्रों में लगी अल्ट्रासाउंड मशीनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जाए तथा नर्सिंग होम पर अनिवार्य रूप से एक ऐसा साइन बोर्ड लगवाया जाए जिस पर लिखा होना चाहिए - 'यहां लिंग का परीक्षण नहीं होता है।' फर्जी मरीज भेजकर मामले पकड़वाए जाएं तथा जो अस्पताल भ्रूण हत्या में सलंग्न हैं, ऐसे अस्पतालों के खिलाफ एक साथ छापा मारा जाए। मेरा सदन से यह भी निवेदन है कि सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों में भ्रूण हत्या रोकने के लिए राज्यस्तरीय सलाहकार समिति और इसी तरह की समिति जिला स्तर पर बनाई गई है, उसे गांव स्तर पर भी बनाकर प्रभावी किया जाए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

***SHRIMATI MINATI SEN : I would like to say a few words on behalf of my party while supporting the Pre-Natal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Amendment Bill, 2002. The Act was first enacted in 1994 in view to stay female foeticide. But from the very beginning, the provisions of this Act were unsatisfactory. The vested interests took advantage of the loopholes in the Act and misused the technique. And a sizeable portion of the doctors' community misused the sex determination test and sex technology owing to the lack of will on the part of the Government. Even some lawyers fought in support of the Act. If the Act is not strengthened and not implemented strictly from the day onwards, we believe there will be a serious problem in the ratio of men and women in the future in this country. There has been a decline in the ratio regarding six year old children in our country especially in the States of Punjab, Haryana, Himachal Pradesh, Gujarat, Chandigarh and in Maharashtra. One of the reasons for this was the early establishment of private sex determination clinics in these States and abortion of formal foeticide became popular in the later seventies and early eighties. Different women organisations, especially our own AIDWA, a major part of the society and also the judiciary raised protests against such happenings. Supreme Court had also expressed displeasure at the conduct of the Central and State Governments. It is saddening that after a gap of eight years, the MCI is still maintaining that unless the doctor's intention is proved, he cannot be held responsible for sex determination tests.**

---

***English translation of the speech originally delivered in Bengali.**

(*Original in English*) Sir, there are some other areas also where I have some suggestions to make.

In the present procedure, prior to the action taken, several authorities would have to be consulted and as such this procedure gives rise to the probability of the tampering and destruction of evidence.

Secondly, if sex determination has been declared as a crime like other crimes, then parents should be given the right to go directly to the police or to file a complaint before a court of law against such a crime.

Thirdly, it would be unjust to treat the medical practitioners as a privileged class and they are to be governed by the same process of justice as applicable to every other crime.

I also propose that necessary steps should be taken to prevent unnecessary delay in action.

In rural areas, some pregnant mothers are being compelled by their husbands and in-laws to undergo prenatal sex-determination tests. A provision must be made in the present amendment for punishment of such criminals. In such cases, pregnant mothers should not be given punishment.

In order to ensure accountability of the Committee and also the Central Supervisory Board, amendment should be made, giving mandate to CSB to submit reports regularly to Parliament and through Parliament to the Standing Committee on Health, Women and Child Development. In this context, I would also propose that all records in respect of registration of clinics as well as action taken against the clinics should be made available for public scrutiny.

The proposed amendment should include setting up of State Advisory Boards. It would be more appropriate to set up multi-member authorities that would function at the District level.

Lastly, mobile vans should be used for pregnancy-related treatment and not for conducting sex-determination tests.

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : सभापति जी, आपने मुझे एक अति महत्वपूर्ण विधेयक, जो स्त्री जाति के लिए जन्म से ही जुड़ा हुआ है, उस पर बोलने के लिए अनुमति दी है। मैं सरकार द्वारा लाये गये इस प्रसवपूर्व निदान तकनीक से सम्बन्धित विधेयक का समर्थन करती हूं और साथ ही निवेदन करती हूं कि इस ि वधेयक के माध्यम से उम्मीद करती हूं कि स्त्री जाति गर्भ में आने से लेकर आगे तक उसकी सुरक्षा होगी।

वर्तमान समय में हमारा समाज पुरुा प्रधान समाज है। हमारे देश में पुरुा प्रधान समाज होने के नाते स्त्रियों पर अत्याचार भी होते हैं। एक तरफ हमारे शास्त्रों में लिखा हुआ है कि 'यत्र नारीस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता।' इस उक्ति के ठीक विपरीत वातावरण बन गया है, जिसकी वजह से आज इस विधेयक को कानून रूप देने के लिए यहां भारत की सबसे बड़ी सभा के अन्दर प्रस्तुत किया गया है। गर्भ के समय भ्रूण के लिंग परीक्षण की जो परिस्थिति है, यह क्यों पैदा हुई। इस पर मैं माननीय मंत्री जी का भी ध्यान आकर्िात करना चाहूंगी। वर्तमान समय में पुत्र को श्रेठ माना गया है। पुत्र को कर्मकाण्ड के लिए उपयुक्त प्राणी माना गया है। पुत्र मुखाग्नि देने के लिए एकमात्र इंसान है, यदि इन सब व्यवस्थाओं पर हम थोड़ा गौर करें तो इस बात का सबूत हमें मिलेगा कि बेटी बुरी क्यों लगती है। बेटी को क्यों नहीं आने दिया जाता। राजस्थान में तो ऐसे भी गांव हैं, जिन गांवों के अन्दर कभी बारात नहीं आई और बारात नहीं आने का कारण उसके पीछे मुख्य रूप से कहा जाता है कि स्त्री के रूप में जब बेटी है तो बाप के द्वारा सुरक्षित है। जब थोड़ी बड़ी हुई तो युवावस्था में भाई के द्वारा सुरक्षित हुई। यौवन में पति के द्वारा सुरक्षित हुई और अन्त में बेटे के द्वारा सुरक्षित हुई। लेकिन भ्रूण के रूप में गर्भ में आते ही हम उसके दुश्मन क्यों बन गये। उसके दुश्मन बनने के पीछे पुरुा प्रधान समाज में कुछ दकियानूसी,

कुछ रूढ़िवाद और अंधविश्वास इतने ज्यादा जड़ कर गये हैं कि पढ़े-लिख समाज होने के बावजूद भी, पढ़े-लिखे क्षेत्र होने के बावजूद भी इसका असर उन पर देखा जाता है। आज पंजाब के अन्दर स्त्री पुरुा का अनुपात देश का सबसे कम है। स्त्रियों की संख्या बहुत कम है। क्या पंजाब के लोग पढ़े-लिखे नहीं हैं?

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगी कि इस परिस्थिति के लिए पढ़ाई-लिखाई भी कहीं आड़े नहीं आ रही। इस परिस्थिति के लिए सामाजिक जागृति भी कहीं आड़े नहीं आ रही, इस परिस्थिति के लिए कहीं पिछड़ापन भी आड़े नहीं आ रहा। ठीक है, हम यह बात मान लें कि भ्रूण परीक्षण की पद्धति जब से चालू हुई, तब से बालिकाओं पर या स्त्री जाति पर पीछे से एक प्रहार शुरू हुआ है।

इसका परिणाम बड़ा भयानक निकलने वाला है। इसके लिए मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि इस विधेयक में कहीं न कहीं यह प्रावधान भी किया जाना चाहिए कि स्त्री को सामाजिक शक्ति मिले, कानूनी शक्ति मिले, ताकि इस सामाजिक और कानूनी शक्ति के माध्यम से वह भ्रूण से लेकर यौवन तक, वृद्धावस्था तक अपना संरक्षण कर सके। इसके लिए हमें देखना होगा कि इस तरह से अल्ट्रा साउंड के माध्यम से लिंग का परीक्षण कराने के बाद जो लोग हत्या कर देते हैं, उनको कठोर से कठोर दंड दिया जाना चाहिए। चाहे वह पति हो, चाहे गर्भवती महिला को परेशान करने वाली उसकी सास हो, ननद हो, जेठानी हो या ससुराल, पीहर और समाज का कोई अन्य पक्ष हो। उनके लिए भी कठोर दंड का प्रावधान किया जाना चाहिए। जब पति यह कहता है कि तुमने पुत्र का मुंह नहीं दिखाया, तो ऐसी स्थिति में वह अपनी पत्नी के साथ जो सलूक करता है, वह ठीक नहीं करता, गलत व्यवहार कर बैठता है। इसलिए उस पति को भी कठोर दंड मिलना चाहिए। मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं भी स्त्री हूं इसलिए कह रही हूं। मैं स्वयं एक मां हूं, नानी भी हूं और दादी भी हूं। इन सभी रिश्तों में जब स्त्री को नापकर हम देखते तो हम भी दोाी पाए जाते हैं। महिला के साथ महिलाएं भी ऐसे क्षेत्र में उत्पीड़न कर रही हैं और जबर्दस्ती अल्ट्रासाउंड के लिए बाध्य कर रही हैं। वहां भी कठोर दंड मिलना चाहिए।

सामाजिक सुरक्षा के लिए मैं कहना चाहती हूं जब पुत्र से मुखाग्नि दी जाती है, तो स्वाभाविक है कि स्त्री और पुरुा जब वृद्धावस्था में जाते हैं तो पुत्र की लालसा कर बैठते हैं हमें मुखाग्नि देने वाला नहीं है। मैं कहना चाहती हूं कि क्या बेटी मुखाग्नि नहीं दे सकती। इसके लिए भी कानून में प्रावधान होना चाहिए। इसी तरह पिता की सम्पत्ति में भी यदि किसी पुरुा के या किसी परिवार में बैटा पैदा न हो और दो या चार बेटियां हों तो वहां भी जैसे बड़ा बेटा मुखाग्नि देता है, उसी तरह बड़ी बेटी को भी मुखाग्नि देने का अधिकार होना चाहिए। इसी तरह उसको सम्पत्ति में भी अधिकार मिलना चाहिए। हमारे समाज में बेटी को सम्पत्ति का अधिकार भी उसकी सुरक्षा के लिए दिया जाना आवश्यक है।

बेटी के जन्म के समय राज्य सरकार हो, केन्द्र सरकार हो, कई जगह पर मजाक किया जा रहा है। जिस तरह से चयनित परिवार के अंदर, बीपीएल परिवार के अंदर, पहली बेटी जन्म लेती है तो उसके माता-पिता को 500 रुपए की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। आज के भौतिक युग में और महंगाई के समय में इतनी कम राशि कोई मायने नहीं रखती। इसके अलावा वह राशि भी कानूनी ढंग से उस बीपीएल परिवार के दम्पती को नहीं मिल पाती है। इस तरह की जो भी योजनाएं बनाई जाती हैं और बेटी के जन्म के समय जो 500 रुपए की अनुदान राशि दी जाती है, मेरा सुझाव है कि उसको बढ़ाकर 5000 रुपए किया जाना चाहिए, ताकि उसकी सम्पूर्ण परवरिश हो सके। उसके मां-बाप उसको उचित शिक्षा दे सकें और उसे योग्य बना सकें। इस तरह की राशि को डिपाजिट के जरिए, इंशोरेंस के जरिए भी दिया जा सकता है। अगर ऐसा होगा तो निःसंदेह समाज में एक जागरूकता आएगी। बड़े लोगों को या आर्थिक दृटि से सम्पन्न लोगों को इसकी आवश्यकता नहीं है, लेकिन गरीब को है। वह न तो अपनी बेटी को पढ़ा सकता है और न ही उसके विवाह आदि में खर्चा कर सकता है।

इसी तरह से राजलक्ष्मी योजना जो लागू की गई है, उसको भी यदि इस तरह से हमें एक कानून का जामा पहनाकर जो दम्पती एक बेटी या दो बेटियों के पश्चात परि वार नियोजन का धर्म अपनाता है, उसको प्रोत्साहित करनाचाहिए, सम्मानित करना चाहिए और उसकी बेटियों के लिए यथोचित धनराशि देकर उसकी मदद करनी चाहिए।

प्रसव पूर्व निदान की प्रक्रिया है, उसके पीछे कुछ धन लोलुप डाक्टर जिम्मेदार हैं। वे बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर, सुंदर क्लिनिक बनाकर समाज में विकृत भावना को फैलाकर आम आदमी को प्रभावित करते हैं। हमें जिलों में, गांवों में और छोटे स्तर पर जाकर परिवार नियोजन सम्बन्धी प्रचार-प्रसार करना होगा। इस कानून के अंदर इस तरह की जागरुकता सम्बन्धी बातों को भी जोड़ें।

आज टीवी, इन्टरनेट या मीडिया के माध्यम से जो प्रचार किया जाता है, वह गांव के स्त्री-पुरुा समझ नहीं पाते हैं। इसके स्थान पर नाटक, कठपुतली या गांव सभा के माध्यम से यदि समझाया जाए, तो उनकी समझ में आता है। उनको समझाया जाए, उनके परिवार में यदि बेटी जन्म लेती है, तो रोइए नहीं, चाहे वह बेटी दूसरी या तीसरी, बल्कि खुशियां मनाइए। समाज में आनुपातिक असंतुलन हो रहा है और इस आनुपातिक असंतुलन के बारे में समाज को जागरुक करना होगा और महिलाओं की ओर ध्यान देना होगा। महिलाओं की असमिता का बचाने के लिए समाज में उनकी पहचान करानी होगी। दिल्ली में बैठकर कानून बनाए जा सकते हैं। हो सकता है कि किसी परिवार में 10-12 बच्चे हों, लेकिन मैं गर्व के साथ कहना चाहती हूं कि मेरी दो बेटियां हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि खुद मरा जब प्रलय, हम नहीं रहेंगे, तो मुखाग्नि कौन देगा।

महोदय, मैं इन शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करते हुए कहना चाहती हूं कि मंत्री जी को जो सुझाव दिए गए हैं, वे उनको इस विधेयक में जरूर शामिल करेंगे।

**श्रीमती कान्ति सिंह (बिक्रमगंज) :** सभापति महोदय, मैं प्रसवेपूर्व निदान-तकनीक विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं। आज के परिवेश में यह कानून बनाया जाना अति आवश्यक है, लेकिन कानून बनने के बाद भी भ्रूण परीक्षण जारी है। मेरा यह मानना है कि इस देश में महिलाओं से संबंभित अधिक कानून बना दिए गए हैं। जिस तरह से कानून बनते जा रहे हैं, उसी रफ्तार से कानून का दुरुपयोग भी बढ़ता चला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद भी भ्रूण हत्यायें हो रही हैं। समाज की संरचना में कहीं-न-कहीं खोट है और नारी को उस रूप में नहीं मानते हैं, जिस रूप में वेदों और पुराणों में वर्णित किया गया है - "यत्र नार्युस्तु पूज्यंते, रमंत तत्र देवताः।" दूसरे शब्दों में कहें, नारी के आंचल में ही जन्नत है। मां मरियम की गोद में हमारा ईसा खेलता है। लेकिन मां की कोख में जन्म लेने से पहले ही बच्चियों की हत्यायें हो रही हैं। इन हत्याओं के लिए मैं खास तौर से महिलाओं को दोाी नहीं मानती हूं, क्योंकि हमारे समाज की संरचना ही ऐसी है, किसी महिला के दो बच्चियां हैं, तो उनके परिवार के लोग पहले से ही सचेत हो जाते हैं और बच्चा होने से पहले ही चाहते हैं कि सोनोग्राफी या एल्ट्रा साउण्ड के माध्यम से परीक्षण करा लिया जाए और पता कर लिया जाए कि कोख में पलने वाला बच्चा लड़का है या लड़की । अगर पता चलता है कि लड़की है, तो भ्रूण हत्या करा दी जाती है। मां अपने आप बच्चे की हत्या नहीं कर सकती है और आज तो इस बात का पता करने के लिए विभिन्न प्रकार की तकनीकों का निर्माण हो गया है। पारिवारिक दबाव के कारण महिलाओं की मानसिकता परिवर्तित कर दी जाती है। महिलाओं को इस कदर प्रताड़ित किया जाता है और डाक्टर के सामने बहू की स्थिति को रखा जाता है कि बहू बच्चे को पाल नहीं सकती है और इस वजह से बहू का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। इस हालत में भी भ्रूण हत्यायें कराई जा रही हैं। यदि हम भगवान के नाम लिखने के स्वरूप को देखें, तो पहले देवी का नाम लिखा जाता है।

सीता-राम, राधे-कृण, गौरी-शंकर, हर चीज में महिलाओं का नाम पहले लिया जाता है। उनकी पूजा की जाती है। इस समाज में देखा जाए तो हमारी स्थिति कहां है, हम किस स्तर पर हैं, हमारी जगह कहां है। हम जब देखते हैं तो पाते हैं कि आज हमारी संख्या एक हजार पुरुाों में 976 हो गई है। आज हालत इतनी खराब होती जा

रही है कि महिलाओं की संख्या दिन-प्रति-दिन घटती चली जा रही है, आगे और ज्यादा घटती जाएगी।

महोदय, मैंने समाचार-पत्रों में देखा है कि छ: साल की लड़की के साथ बलात्कार किया गया। अगर इस तरह महिलाओं की संख्या घटती चली जाएगी, सड़कों पर पुरुा महिलाओं और बच्चियों के साथ इस तरह बलात्कार करेंगे। यह जो कानून लाया गया है, केवल कानून लाने से कुछ नहीं होता है। आपने कहा है कि जो भ्रूण हत्याएं होंगी और जो करने वाले व्यक्ति हैं, उन्हें पांच साल की कैद की सजा दी जाएगी और दस लाख रुपए के लिए आपने लिखा है, उसे 50 हजार रुपए जुर्माना भरना पड़ेगा। क्या इस कानून के तहत इस तरह का कोई केस सरकार के पास आया है? क्या किसी महिला ने इस तरह का आवेदन आपके पास देने का काम किया है? कोई भी नहीं देगा। कानून बहुत बनते हैं। दहेज के कारण हत्याएं हो रही हैं, रोज बलात्कार हो रहे हैं। महिलाओं को हर तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है, उन्हें कहीं न्याय नहीं मिल रहा है। हर जगह बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वे अल्ट्रा साउंड और सोनोग्राफी की मशीन खरीद लेते हैं और वहां बैठ कर जांच करते हैं। वहां बता दिया जाता है कि आपकी कोख में पलने वाली बालिका है, वैसी हालत में उनकी हत्या कर दी जाती है।

मैं मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि आप जो इस कानून में परिवर्तन कर रहे हैं, जो गठन किया है उसके तहत क्या कार्यवाही हो रही है। क्या राज्यों में इस गठन का कोई प्रभाव प्रखंडों या पंचायतों में पड़ रहा है। यह जो आपने गठन किया है, इसके मातहत सही तरीके से कोई उसका निर्णय लिया जा रहा है। इस तरह का कहीं कोई प्रावधान नहीं है। नियम, कानून बन जाते हैं, आपने जिस तरह की कमेटी का गठन किया है, क्या इसके मातहत आपको कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है? â€¦ (व्यवधान)

यह जो बिल आप लाए हैं, इसके लिए मैं आपको बधाई देती हूं, लेकिन जिन लोगों का रजिस्ट्रेशन, पंजीयन नहीं है, उनके प्रति आपकी क्या जवाबदेही बनती है। इन्होंने छापामारी कराई है। खाली कानून बना देने से कुछ नहीं होता है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार 12 राज्यों को फटकार लगाई है, लेकिन उसके बावजूद भी इस कानून का सरासर उल्लंघन हो रहा है। हमारी सरकार कानून बनाती है, लेकिन उसके दुरुपयोग को रोकने के लिए आप क्या कर रहे हैं। अगर आप महिलाओं की भावनाओं को नहीं समझेंगे तो क्या आप महिलाओं को न्याय दिलवा सकते हैं। क्या हमारी माताओं और बहनों को भ्रूण हत्याओं से रोक सकते हैं। उनके परिवार के जो लोग उनके ऊपर दबाव डालते हैं, मैं सुशीला सरोज जी की बातों से पूर्ण रूप से सहमत हूं, उन्होंने जो सुझाव दिए हैं।â€¦ (व्यवधान)जिनकी लड़कियां होती हैं उन्हें भी कुछ सुविधाएं मिलनी चाहिए।

SHRI RUPCHAND PAL (HOOGLY): Sir, I am on a Point of Order.

MR. CHAIRMAN : Under which rule?

SHRI RUPCHAND PAL : Under Rule 372.

Yesterday, when some of us raised the issue about Tehelka, we were assured by the Chair that the Minister would make a statement at 2 p.m., immediately after the Lunch Hour today. It is already 2.50 p.m. We want to know when the statement will be made. ...(*Interruptions*)

SHRI HANNAN MOLLAH (ULUBERIA): Hon. Speaker asked them to make a statement yesterday itself; but they failed to do so.

MR. CHAIRMAN: Do you have anything to say, Shri Santosh Kumar Gangwar?

SHRI RUPCHAND PAL : Where is the Law Minister?...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, please take your seat. The hon. Minister wants to clarify the position.

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोा कुमार गंगवार)** : सभापति जी, कल चेयर से इस बात की जानकारी दी गयी थी कि स्वयं वित्त मंत्री जी से बात हुई थी और बताया गया था कि आज इस संदर्भ में जानकारी दी जाएगी। मैं भी समझता हूं। मैं अभी जाता हूं और जानकारी करके सदन को बताऊंगा।

**श्री हन्नान मोल्लाह** : यह सरकार चल रही है या ग्रौसरी शॉप चल रही है।â€¦ (व्यवधान)

SHRI RUPCHAND PAL : Sir, it is violating the direction of the Chair. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister has gone to find out the position. You please wait.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : There was a direction from the Chair yesterday. In the Revised List of Business, there is no mention of it. At what time will the Law minister come and make the statement? Obviously, we are apprehending something wrong. The House will be adjourned today after six o'clock. Still we are not aware at what time the Minister will come and make the statement. Even the Parliamentary Affairs Minister yesterday reconfirmed the direction of the Chair about the statement. â€¦ (*Interruptions*)

SHRI HANNAN MOLLAH : The Law Minister telephoned Mr. Deputy-Speaker and agreed to make a statement. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Santosh Kumar Gangwar has gone to find out the position. You please wait.

...(*Interruptions*)

SHRI RUPCHAND PAL : Mr. Chairman, when will it be made? ...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : None of the Parliamentary Affairs Ministers is here. The Law Minister is sitting here, possibly with a brief. I do not know about that. He is entitled to make the statement. Yesterday, Mr. Deputy-Speaker made it clear that the Law Minister telephoned him and told him that he will come to the House today and make the statement on Tehelka. It was reconfirmed by the Minister of State for Parliamentary Affairs, Shri Santosh Kumar Gangwar. But in the Revised List of Business, nothing has been printed. ...(*Interruptions*) We are now passing the time. This is what is happening....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Santosh Kumar Gangwar has to find out the position. You wait for that. In the meanwhile, we can continue with the discussion on the Bill.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, give time to the Government. Let them find out. The moment the Bill is passed, they have to make the statement. Otherwise, we cannot keep quiet. ...(*Interruptions*)

SHRI RUPCHAND PAL : Sir, when are they coming? When will the statement be made? I had asked whether it will be made immediately after the 'Zero Hour'. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: He has gone to find out the position. You wait for him.

...(*Interruptions*)

**श्री शीशराम सिंह रवि (बिजनौर) :** आज आपके पास और कोई विाय नहीं है।

**सभापति महोदय** : आप थोड़ा सा इंतजार कीजिए। अभी बिल के ऊपर जो बहस चल रही है उसे चलने दीजिए। वे आकर आपको जानकारी देंगे।

